कार्यालय सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी
ऋषिकेश।
फोनः 0135–2430623 फैक्स–01352436623
E-mail:-artorishikesh.uk@gmail.com

पत्रांक– 288 सा0प्रशा0/ऑ0टे0ले0/2018 दिनांक 28.03.2018

सेवा में,
अपर प्रमुख वन संरक्षक एव नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण, इन्द्रानगर फारेस्ट कॉलोनी,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

विषयः– जनपद–देहरादून के अन्तर्गत ऋषिकेश कक्ष सं0–03 में परिवहन विभाग की ऑटोमेटेड टेस्टिंग लेन की स्थापना हेतु 1.22 हे0 (पूर्व में प्रस्तावित 2.02 हे0 के बदले) वन भूमि का परिवहन विभाग को प्रत्यावर्तन।

**संदर्भः– प्रभागीय वनाधिकारी, देहरादून वन प्रभाग, देहरादून की पत्र संख्या–2580/12–1 दिनांक 28–03–2018.**
**(ऑन लाईन पत्रावली संख्या– FP/UK/ROAD/18161/2016)**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्रकरण के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि परिवहन विभाग द्वारा पूर्व में प्रभागीय वनाधिकारी, देहरादून वन प्रभाग के डिमांड नोट के अनुसार धनराशि का मांग पत्र ऑनलाईन अपलोड किया गया था जिसे आपके कार्यालय द्वारा अस्वीकार कर दिया गया था। उक्त के क्रम में इस कार्यालय द्वारा प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय देहरादून से सम्पर्क स्थापित कर प्रश्नगत प्रकरण में देय धनराशियों का निर्धारण वर्तमान दरों के आधार पर करते हुए संशोधित डिमांड नोट निर्गत करने का अनुरोध किया गया। प्रभागीय वनाधिकारी, देहरादून वन प्रभाग के उपरोक्त संदर्भित पत्र द्वारा संशोधित डिमांड नोट उपलब्ध कराया गया है।

वर्तमान में शासन द्वारा पूर्व में उपलब्ध कराये गये डिमान्ड नोट के आधार पर ही धनराशि स्वीकृत की गई है, जिस कारण बड़ी हुई अन्तरीय धनराशि का भुगतान किया जाना सम्भव नहीं है। शासन से अतिरिक्त धनराशि प्राप्त होने पर अवशेष धनराशि का भुगतान कर दिया जायेगा। अतः उक्त डिमांड इस अनुरोध के साथ ऑनलाईन/ऑफलाईन प्रेषित किया जाता है कि कृपया प्रश्नगत प्रकरण में आंशिक भुगतान अनुमोदित करने का कष्ट करें, ताकि तद्नुसार ऑनलाईन चालान जनरेट कर भुगतान की कार्यवाही की जा सके। (कुल मांग रु0 1913710.00) के सापेक्ष रु0 1857580.00 की धनराशि जमा की जा रही है। शेष धनराशि बाद में जमा कर दी जायेगी।

संलग्नक–यथोपरि।

भवदीय,

**(डॉ0 अनीता चमोला)**
**सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी**
**ऋषिकेश।**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. अपर परिवहन आयुक्त, उत्तराखण्ड देहरादून।
2. जिलाधिकारी, जनपद देहरादून।
3. प्रभागीय वनाधिकारी, देहरादून वन प्रभाग, देहरादून।

**(डॉ0 अनीता चमोला)**
**सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी**
**ऋषिकेश।**

Scanned by CamScanner

# कार्यालय, प्रभागीय वनाधिकारी, देहरादून वन प्रभाग, देहरादून।

पत्रांक 2580/12-1 देहरादून, दिनांक 28 मार्च, 2018

सेवा में,

सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी,
बाई पास रोड़ बीबीवाला,
ऋषिकेश, देहरादून।

विषयः– जनपद देहरादून के अन्तर्गत ऋषिकेश कक्ष संख्या–03 में परिवहन विभाग की आटोमेटिड टेस्टिंग लेन की स्थापना हेतु 1.22 है0 (पूर्व में प्रस्तावित 2.02 है0 के बदले) वन भूमि का परिवहन विभाग को प्रत्यावर्तन।

सन्दर्भः– अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड देहरादून की पत्र संख्या–1445/FP/UK/ROAD/18161/2016 दिनॉक–22.11.2016।

महोदय,

भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून की पत्र संख्या–8बी/यू0सी0पी0/09/82/2016/एफ0सी/1321 दिनॉक–21.11.2016 द्वारा जारी सैद्वान्तिक स्वीकृति एवं अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी के संदर्भित पत्र द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में देय धनराशियों की गणना का विवरण निम्न प्रकार है–

**प्रतिपूर्ति वृक्षारोपण निधि प्रबन्धन तथा योजना प्राधिकरण (कैम्पा) में जमा की जाने वाली धनराशि :–**

| क0सं0 | कार्य विवरण | मात्रा | दर | देय धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | परियोजना हेतु प्रत्यावर्तित वन भूमि 1.22 है0 के सापेक्ष 2.44 है0 इठारना सिविल में प्रतिपूरक वृक्षारोपण एवं उसके दस वर्षो का रखरखाव। | 2.44है0 | 2,53,332.00 | 6,18,130.00 |
| 2 | एन0पी0बी0 का आगंणन। | 1.22है0 | 9,39,000.00 | 11,45,580.00 |
| **(मु0–सत्रह लाख सात हजार पॉच सौ अस्सी)** | | | | **17,63,710.00** |

कृपया उक्त धनराशि निर्दिष्ट खातें में भुगतान करने की कृपा करें।

उक्त के अतिरिक्त सैद्वान्तिक स्वीकृति की शर्त संख्या–05 के अनुसार परियोजना क्षेत्र के आस–पास रिक्त पड़े स्थानों पर वृक्षारोपण हेतु निम्न प्रकार धनराशि की आवश्यकता होगी, जिसे प्रयोक्ता एजेन्सी के निर्वतन पर रखा जाना है। उक्त धनराशि से वन विभाग की देख रेख में वृक्षारोपण किया जाना है।

| क0सं0 | कार्य विवरण | मात्रा | दर | देय धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | परियोजना क्षेत्र के आस–पास रिक्त पड़े स्थान पर वृक्षारोपण एवं उसका रखरखाव। | 150 संख्या | 1000.00 | 1,50,000.00 |
| | **(मु0– एक लाख पचास हजार मात्र) योग–** | | | **1,50,000.00** |

**उक्त परियोजना हेतु प्रत्यावर्तित वन भूमि 1.22 है0 के सापेक्ष 2.44 है0 इठारना सिविल में प्रतिपूरक वृक्षारोपण एवं उसके 10 वर्षो तक रखरखाव हेतु बढी हुई दरों पर आगणित धनराशि–618130.00 तथा एन0पी0वी0 हेतु–1145580.00 तथा वृक्षारोपण क्षेत्र के आस–पास रिक्त पड़े स्थानों पर वृक्षारोपणएवं उसका रखरखाव हेतु रू0–150000.00 आर्थात् कुल धनराशि–1913710.00 रूपये मार्च 2018 तक इस कार्यालय में जमा नहीं की जाती है, तो उक्त क्षतिपूरक वनीकरण की धनराशि में अगले वित्तीय वर्ष–2018–19 में स्वतः ही 10 प्रतिशत अतिरिक्त वृद्वि हो जायेगी।** उपरोक्तानुसार ऑन लाईन चालान जनरेट कर उपरोक्त वर्णित निर्धारित धनराशि का भुगतान करते हुए सैद्वान्तिक स्वीकृति में दी गई शर्तो की बिन्दुवार अनुपालन आख्या इस कार्यालय को प्रस्तुत करने का कष्ट करें।

भवदीय,

प्रभागीय वनाधिकारी,
देहरादून वन प्रभाग, देहरादून।

**पत्रांकः–** /12–1 तद्दिनांकित।

**प्रतिलिपिः–** अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड देहरादून को उनके संदर्भित पत्र द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में सूचनार्थ प्रेषित।

प्रभागीय वनाधिकारी,
देहरादून वन प्रभाग, देहरादून।

# कार्यालय, प्रभागीय वनाधिकारी, देहरादून वन प्रभाग, देहरादून।

पत्रांक 1056/12-1 देहरादून, दिनांक 2? नवम्बर, 2016

सेवा में,

सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी,
बाई पास रोड बीबीवाला,
ऋषिकेश, देहरादून।

विषयः- जनपद देहरादून के अन्तर्गत ऋषिकेश कक्ष संख्या-03 में परिवहन विभाग की आटोमेटिड टेस्टिंग लेन की स्थापना हेतु 1.22 है0 (पूर्व में प्रस्तावित 2.02 है0 के बदले) वन भूमि का परिवहन विभाग को प्रत्यावर्तन।

सन्दर्भः- अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड देहरादून की पत्र संख्या-1445/FP/UK/ROAD/18161/2016 दिनांक- 22.11.2016।

महोदय,

भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून की पत्र संख्या-8बी/यू0सी0पी0/09/82/2016/एफ0सी/1321 दिनांक-21.11.2016 द्वारा जारी सैद्धान्तिक स्वीकृति एवं अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी के संदर्भित पत्र द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में देय धनराशियों की गणना का विवरण निम्न प्रकार है:-

**प्रतिपूर्ति वृक्षारोपण निधि प्रबन्धन तथा योजना प्राधिकरण (कैम्पा) में जमा की जाने वाली धनराशि :-**

| क0सं0 | कार्य विवरण | मात्रा | दर | देय धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | परियोजना हेतु प्रत्यावर्तित वन भूमि 1.22 है0 के सापेक्ष 2.44 है0 इठारना सिविल में प्रतिपूरक वृक्षारोपण एवं उसके दस वर्षो का रखरखाव। | 2.44है0 | 2,30,302.00 | 5,62,000.00 |
| 2 | एन0पी0वी0 का आगणन। | 1.22है0 | 9,39,000.00 | 11,45,580.00 |
| | (मु0-सत्रह लाख सात हजार पाँच सौ अस्सी) | | | 17,07,580.00 |

कृपया उक्त धनराशि निर्दिष्ट खाते में भुगतान करने की कृपा करें।

उक्त के अतिरिक्त सैद्धान्तिक स्वीकृति की शर्त संख्या-05 के अनुसार परियोजना क्षेत्र के आस-पास रिक्त पड़े स्थानों पर वृक्षारोपण हेतु निम्न प्रकार धनराशि की आवश्यकता होगी, जिसे प्रयोक्ता एजेन्सी के निर्वतन पर रखा जाना है। उक्त धनराशि से वन विभाग की देख रेख में वृक्षारोपण किया जाना है।

| क0सं0 | कार्य विवरण | मात्रा | दर | देय धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | परियोजना क्षेत्र के आस-पास रिक्त पडे स्थान पर वृक्षारोपण एवं उसका रखरखाव। | 150 संख्या | 1000.00 | 1,50,000.00 |
| | (मु0- एक लाख पचास हजार मात्र) योग- | | | 1,50,000.00 |

कृपया उपरोक्तानुसार ऑन लाईन चालान जनरेट कर निर्धारित धनराशि का भुगतान करते हुए सैद्धान्तिक स्वीकृति में दी गई शर्तो की बिन्दुवार अनुपालन आख्या इस कार्यालय को प्रस्तुत करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(प्रसन्न कुमार पात्रो)
प्रभागीय वनाधिकारी,
देहरादून वन प्रभाग, देहरादून।

पत्रांक:- /12-1 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि:- अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड देहरादून को उनके संदर्भित पत्र द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में सूचनार्थ प्रेषित।

प्रसन्न कुमार पात्रो)
प्रभागीय वनाधिकारी,
देहरादून वन प्रभाग, देहरादून।

2.A
28.11.16

Scanned by CamScanner